पटना उच्च न्यायालय में दो नए जजों की नियुक्ति

चर्चा में क्यों?

6 अक्तूबर, 2021 को केंद्रीय कानून मंत्रालय ने पटना उच्च न्यायालय के महानिबंधक**नवनीत कुमार पांडेय तथा रजिस्ट्रार विजिलेंस सुनील कुमार पंवार** को पटना उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- वर्तमान में पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के लिये कुल स्वीकृत पदों की संख्या 53 है, जिनमें से मुख्य न्यायाधीश सहित केवल 19 न्यायाधीश ही पदास्थापित थे। दो नए जजों की नियुक्ति से अब यह संख्या 21 हो गई है।
- दो नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के अलावा केरल हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनंत मनोहर बदर का पटना हाईकोर्ट में स्थानांतरण किया गया है, वहीं पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह का आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में स्थानांतरण कर दिया गया है।
- पटना उच्च न्यायालय में मुकदमों की बढ़ती संख्या एवं न्यायाधीशों की कमी के कारण समस्या बढ़ती जा रही है। अब दो नए जजों की नियुक्ति से सुनवाई में थोड़ी शीघ्रता आने की संभावना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/appointment-of-two-new-judges-in-patna-high-court